| बिहार विधान सभा सचिवालय से प्राप्त निवेदन | |
|---|---|
| **श्रीमती रीना देवी**, मा०स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् में प्राप्त निवेदन संख्या–229 / 2024 के संबंध में। | **माननीय मंत्री,**<br>आपदा प्रबंधन विभाग,<br>बिहार, पटना। |
| निवेदन | उत्तर |
| "रणधीर कुमार, पिता–श्री सौरभ चंद्रवंशी, ग्राम–पुरी, पंचायत–पोखरपुर, प्रखण्ड–गिरियक, जिला–नालन्दा की मृत्यु दिनांक–29.07.2022 को सर्पदंश के कारण हो गयी। मृतक के परिवारवालों को आपदा के तहत् मिलने वाली मुआवजा राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया है, जिसके कारण पीड़ित गरीब परिवार को आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। मुआवजा राशि की प्राप्ति हेतु पीड़ित परिवार के लोग विगत् दो वर्षों से कार्यालयों के चक्कर एवं दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं। आपदा के तहत् मुआवजा राशि हेतु आवश्यक कागजात विभाग को प्राप्त करा दिया गया है, बावजूद विभाग अबतक इस दिशा में कोई सकारात्मक कार्य नहीं कर पाया है।<br>अतः मृतक रणधीर कुमार के परिवारवालों को आपदा के तहत् मिलने वाली मुआवजा की राशि का भुगतान शीघ्र कराने हेतु निवेदन के माध्यम् से सरकार से मांग करती हूँ।" | जिला पदाधिकारी, नालन्दा के प्रतिवेदनानुसार स्व० रंधीर कुमार, पिता–श्री सौरभ चन्द्रवंशी, ग्राम–पुरी, प्र०–गिरियक, जिला–नालन्दा की मृत्यु दिनांक–29.07.2022 को हुई है। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं रहने के कारण वेसरा की जाँच करायी गयी। इस संदर्भ में निदेशक, विधि–विज्ञान प्रयोगशाला बिहार, पटना के पत्रांक–1072 / एफ०एस०एल० / 1463 / 23, दिनांक–15.07.2024 द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के अनुसार मृत्यु ALUMINIUM PHOSPHIDE (CELPHOS) से हुई है।<br>फलतः स्व० रंधीर कुमार की मृत्यु सर्पदंश से नहीं होने के कारण प्रावधानानुसार अनुग्रह अनुदान अनुमान्य / देय नहीं है। |

**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

**ज्ञापांक**–05 / वि०प०–निवेदन–07–01 / 2025 / ............ / आ0प्र0 **पटना–23, दिनांक–**

**प्रतिलिपि**–माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग के आप्त सचिव / उप सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना को उनके पत्रांक–वि०प०नि०–(आपदा) 229 / 24–1754 (1) वि०प० दिनांक–16.10.2024 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
(मो० नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी)
सरकार के संयुक्त सचिव

**ज्ञापांक**–05 / वि०प०–निवेदन–07–01 / 2025 / 340 / आ0प्र0 **पटना–23, दिनांक–** 28-01-25

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर शीघ्र अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/01/2025
सरकार के संयुक्त सचिव

c:\mithilesh 2025\wikash sir aso 2025\bihar vidhan sabha 2025\विधायी\नवम्बर 2024\वि०वि०प०\निवेदन\ans\ans-229 2024.doc